वार्ड 21 की बदहाली, नरक जैसा जीवन जीने को मजबूर लोग

20 साल से कचरे के ढेर पर टिकी जिंदगी

दुल्लपुर , माहौर मोहल्ला आदि क्षेत्र की स्थिति भयावह है। यहाँ पिछले दो दशकों से कचरे का अंबार लगा हुआ है। मोहल्ले के पास स्थित नाला बरसात में कचरे से पट जाता है। जलभराव के कारण सड़क और नाले का अंतर खत्म हो जाता है, जिससे राहगीर आए दिन इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी मोहल्ले की सफाई करने के बजाय, शहर के दूसरे हिस्सों का कचरा हाथ ठेला गाड़ी में भरकर यहाँ डाल जाते हैं। कचरे में मौजूद प्लास्टिक और पॉलीथिन खाने से क्षेत्र की गायें बीमार हो रही हैं और असमय मौत का शिकार बन रही हैं।

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर,08 अप्रैल । एक तरफ ग्वालियर को आधुनिक और स्वच्छ बनाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वार्ड क्र. 21 मेला ग्राउंड के पीछे का क्षेत्र नगर निगम की अनदेखी और राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हो रहा है। यहाँ की लगभग 1000 की आबादी आज के समय में भी बुनियादी सुविधाओं सड़क, बिजली और सफाई के लिए तरस रही है।

दुल्लपुर पिछले दो दशकों से गंदगी की मार झेल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारी मोहल्ले की सफाई करने के बजाय, अन्य क्षेत्रों का कचरा हाथ ठेला गाड़ियों में भरकर यहाँ फेंक जाते हैं। अंधेरे में डूबा वार्ड, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण रात होते ही यह पूरा क्षेत्र अंधेरे की चादर में लिपट जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सड़कों पर बैठकर नशा करते हैं। लाइट न होने से महिलाओं और छात्राओं का शाम के बाद घर से निकलना असुरक्षित हो गया है। राहगीरों के साथ लूटपाट और छीना-झपटी का भय बना रहता है।

पार्षद का गैर-जिम्मेदाराना बयान : वोट नहीं दिया इसलिए काम नहीं करूंगा इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू क्षेत्रीय पार्षद का लापरवाहीपूर्ण और अड़ियल रवैया है। स्थानीय नागरिकों का दावा है कि जब भी वे समस्या लेकर जाते हैं, तो पार्षद स्पष्ट रूप से वार्डवासियों से काम न करने की बात करते हैं। वार्ड की स्थिति बहुत खराब है, जहाँ महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

क्षेत्रीय लोगों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से कचरा डंपिंग स्टेशन को हटाया जाए, सड़कों का निर्माण शुरू हो और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त की जाएं ताकि क्षेत्र की माताएं-बहनें सुरक्षित महसूस कर सकें।

वार्ड के पार्कों की दुर्दशा

तरुण बिहार में स्थित समता पार्क और पंचशील नगर पार्क डस्टबिन बन गए है, जिन पार्कों को बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने के लिए होना चाहिए था, वे आज बीमारियों का घर बन चुके हैं। समता पार्क अब एक गंदे नाले में तब्दील हो चुका है। यहाँ की बदबू ने आसपास के घरों में रहना दूभर कर दिया है। मंदिर के पास स्थित इस पार्क में गंदगी का ढेर लगा है। पंचशील नगर पार्क के बगल में मंदिर के समीप व्याप्त यह गंदगी स्थानीय श्रद्धा और स्वास्थ्य दोनों को ठेस पहुँचा रही है। इंद्रमणि नगर, त्रिमूर्ति नगर, विवेक नगर और नारायण विहार जैसे क्षेत्रों की सड़कें पिछले 5 वर्षों से पूरी तरह खुदी पड़ी हैं। यहाँ सड़कों पर गड्ढे नहीं, बल्कि गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ती है। धूल और प्रदूषण के कारण लोगों को सांस की बीमारियां हो रही हैं। प्रशासन ने निर्माण तो दूर, पेंच रिपेयरिंग अर्थात मरम्मत तक की जहमत नहीं उठाई है।

वार्ड में जगह-जगह सीवर का पानी चैंबर से निकल रहा है, रोड खुदी पड़ी है जगह-जगह गंदगी का ढेर लगा हुआ है समय पर कोई सफाई कर्मचारी नहीं आता है, मेरे समय में 29 करोड़ का कार्य वार्ड में कराया गया था, जगह-जगह रोड, सीवर, पानी की बोरिंग करवाई गई थी, लेकिन आज पूरे क्षेत्र की दुर्दशा ऐसी हो गई है कि बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, पार्षद को क्षेत्र में जनता की समस्या नहीं दिखती है । वह ठेकेदारी करने में व्यस्त हैं वार्ड में स्वीकृत कार्य भी पार्षद द्वारा नहीं कराए जा रहे हैं।

- चतुर्भुज धनोलिया , पूर्व पार्षद

इस संबंध में वार्ड पार्षद ब्रजेश श्रीवास से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नं. पर कई बार संपर्क किया गया किन्तु उनके द्वारा न तो कॉल रिसीव किया गया और खबर लिखने तक न ही कॉल लौटाया गया। इससे उनका लचर रवैया उजागर होता है।

पार्कों में साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है, गंदगी का ढेर लगा हुआ है, रोड खुदी पड़ी है, जोनल ऑफिसर को शिकायत करने के बाद भी कोई सफाई कर्मी नहीं भेजा जाता, पार्षद से भी कई बार बोलने पर पार्षद नहीं सुनते और बोलते है कि आप लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया इसलिए मैं काम नहीं करूंगा, बार बार शिकायत करते हैं तो अधिकारी दबाब बनाते हैं ।

- फूलसिंह मौर्य, वार्ड वासी

लगभग 5 साल से रोड नहीं बनी है। सीवर की वजह से चैंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं, संस्कृति गार्डन से लेकर दुल्लपुर तक पूरी रोड खुदी पड़ी है, पैदल चलना भी मुश्किल है । सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाने नहीं आते हैं, कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की है लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है। पार्षद से भी कई बार बोला है लेकिन पार्षद का कहना है कि आप लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया इसलिए कोई विकास कार्य नहीं करूंगा ।

- उदय गुर्जर, वार्ड निवासी

स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है रात में पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है सड़कों की हालत बहुत खराब है। अंधेरे के वजह से नशेड़ी, जुआरी बैठे रहते हैं जिससे रात्रि में महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है , सुरक्षा व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं है, सुबह वयस्क लोग घूमने जाते हैं जिनको बैठने के लिए कुर्सियां तक की व्यवस्था नहीं है, पार्षद तो इस क्षेत्र से नदारद हैं, चुनाव जीतने के बाद क्षेत्रीय पार्षद बृजेश ईद के चांद हो गए हैं ।

- एड रायसिंह बौद्ध , क्षेत्रीय निवासी

टीईटी के विरोध में रैली, सौंपा ज्ञापन

अनिवार्यता संबंधी आदेश वापिस नहीं लिया तो 18 को भोपाल में होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08 अप्रैल । अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने बुधवार को टीईटी के विरोध में रैली निकाली। इसके बाद एसडीएम नरेंद्र बाबू यादव को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला संयोजक लक्ष्मी नारायण जाटव ने मध्यप्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों, 20 से 28 साल की शासकीय सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता सम्बंधी आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश को निरस्त करने तथा सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के फैसले पर रिव्यू पिटीशन दायर करने या संवैधानिक कार्यवाही करने की मांग रखी। और कहा कि इसके अलावा शिक्षक की प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करें। जाटव ने कहा कि सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता सम्बंधी आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल का आदेश वापस नहीं लिया गया तो 18 अप्रैल को भोपाल में लाखों शिक्षक आंदोलन करेंगे।

इस अवसर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा प्रांतीय संयोजक राकेश नायक, लक्ष्मी नारायणजाटव ,जिला संयोजक रहीश गौरी, दीपक शर्मा, सरिता शर्मा, राम बिहारी तिवारी, निरंजन गुर्जर, देवेंद्र दुवे, अरविंद दीक्षित, अरुण प्रताप सिंह, पदम नारायण शर्मा, मनोज कुमार सिंह, सुरेंद्र गौतम, मोहर सिंह जाटव, सुनील शर्मा, राधेश्याम कुशवाह एवं सैकडों शिक्षक अध्यापक उपस्थित रहे। इस मौके पर निरंजन सिंह गुर्जर, अमित उपमन्यु, राम अवतार मौर्य, राजेंद्र सिंह, नीरज श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह राजपूत, प्रदीप मिश्रा, शांति प्रकाश राजौरिया, दीपक शर्मा, नीरज सोलंकी, यसवंत सिंह धाकड, शकुंतला यादव, राजेंद्र पक्षवार, अरविन्द गुप्ता, मधु बाथम, सुरेन्द्र गौतम, रामकुमार डण्डौतिया, लक्ष्मी सिंह, कीर्ति झा, संगीता खिसनिया, विवेक चौरसिया, प्रीतम सिंह, प्रेमलता कुशवाह, मुकेश बघेल, नरेंद्र चौरसिया, राजीव गौतम, यशवंत सिंह राजपूत, लक्ष्मण सिंह जाटव, पुरुषोत्तम सिंह, सरनाम सिंह सोलंकी सहित हजारों शिक्षक अध्यापक उपस्थित रहे।

खेत में खड़ी गेहूं की फसल आग से बचाई

ग्राम वासी, वन विभाग व फायर ब्रिगेड ने चलाया संयुक्त अभियान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08 अप्रैल। बेहट के ग्राम मुख्त्यार पुरा के जंगल में लगी आग खेतों में खड़ी फसल और घरों तक पहुंचती उससे पहले संयुक्त प्रयास से उस पर काबू पा लिया गया। जहां आग लगी थी, वहां तक फायर ब्रिगेड के पहुंचने का रास्ता नहीं था। उसके बाद भी दमकल व वन विभाग के कर्मियों ने हार नहीं मानी और घरों तक पहुंचने से पहले आग पर काबू पा लिया। बेहट के जंगलों में आग भड़क गई जो धीरे-धीरे ग्राम मुख्त्यार पुरा के खेतों की तरफ बढ़ने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी तो तत्काल एक गाड़ी वहां के लिए रवाना की गई। गाड़ी पहुंची तो मुसीबत यह आ गई कि आगे जाने का कोई रास्ता नहीं था। आग लगी थी वहां से कुछ दूरी पर सुरेन्द्र गुर्जर के 3 बीघा खेत में तथा पुलंदर गुर्जर के 2 बीघा खेत में गेंहू की फसल खड़ी थी। आग को आगे बढ़ते देख फायर ब्रिगेड के फायर फाइटरों तथा वन विभाग के कर्मियों ने हिम्मत दिखाई और गांववासियों की सहायता से आग पर काबू पाने के प्रयास किए। कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्रामीण करन सिंह कुशवाह ने बताया कि अगर समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो फिर वह घरों तक पहुंच सकती थी। सबके प्रयास से बड़ा आर्थिक नुकसान होने से बच गया।

इनका कहना है...

बेहट परिक्षेत्र के ग्राम मुख्त्यार पुरा के पास जंगल में आग लगी थी। ठीक बगल से खेतों में गेहूं की फसल खड़ी थी और पास में ही घर बने थे। जहां आग लगी थी वहां तक जाने का रास्ता नहीं था। संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

रजनीश गुप्ता, नोडल अधिकारी, फायर ब्रिगेड

शादी में जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला

ग्वालियर। शादी में शामिल होने जा रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने कुचल दिया। घटना घाटीगांव थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित इंद्रप्रस्थ मैरिज गार्डन के सामने की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पनिहार निवासी 40 वर्षीय अजय खान पुत्र मुंशी खान रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था। दूसरी बाइक पर उसका बहनोई शाकिर खान भी जा रहा था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रेल्वेस्टेशन पर हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08 अप्रैल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल का मुरैना प्रवास पर जाते समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला महामंत्री जवाहर प्रजापति, डॉ नितेश शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा, रामेश्वर भदौरिया, विकास साहू, विनय जैन, चंदन पटेल, रेशु राजावत, प्रिया तोमर, संतोष राजोरिया, गिर्राज कंसाना, आलोक आहूजा, गौरव वाजपेई, रमाकांत महाते, बंटी बघेल रवि पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

कुलसचिव ने मौके पर जाकर देखी समस्याएं, कराया निराकरण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08 अप्रैल। जीवाजी विश्वविद्यालय के खेल विभाग के छात्र छात्राओं ने आज कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा को खेल विभाग की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तुरंत विश्वविद्यालय यंत्री विश्व रंजन गुप्ता व सुरक्षा प्रभारी अमित सिसोदिया को लिया और स्पोर्ट्स विभाग पहुंचकर मौके पर कई समस्याओं का निराकरण तुरंत कराया। इस अवसर पर प्रमुख समस्या छात्राओं के लिए टॉयलेट की सेपरेट व्यवस्था करना, ग्राउंड की जाली को दुरुस्त करना और खेल के सामान की खरीदारी करना थीं । इस अवसर पर राजीव मिश्रा ने वर्षों से बंद पड़े एक टॉयलेट को खाली कराया और चेंजिंग रूम खाली कराया उसे छात्राओं के लिए आवंटित किया। साथ ही उनमें किसी भी कमी को पूरा करने के निर्देश दिए। वाटर कूलर में आरओ लगवाने के लिए प्रस्ताव बनाने को कहा। खेल का सामान खरीदने के लिए निर्देश दिए। क्लास में पंखे लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राउंड के चारों तरफ लगी जाली को सुधरवाने के लिए निर्देश दिए व स्वयं जाकर उन्होंने उसका निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलसचिव ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि कोई अवांछित लोग प्रवेश न करें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए ग्राउंड हमेशा खाली रहे। ऐसी व्यवस्था की जाएगी अगर ग्राउंड किसी को आवंटित भी करना है तो अवकाश के दिनों में करें। इस अवसर पर कुलसचिव ने अन्य कार्यों के प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा साथ ही कक्षाओं और टॉयलेटों की साफ सफाई नियमित हो ऐसे निर्देश दिए। साथ ही डिस्टेंस के ग्राउंड में भी जाली लगवाने के निर्देश दिए इस मौके पर खेल विभाग के छात्र व कर्मचारी मौजूद थे। इन समस्याओं के तुरंत निराकरण के निर्देश होने पर छात्र-छात्राओं ने उनका आभार माना।

पति, सास-ससुर व देवर पर दहेज हत्या का मामला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08अप्रैल। पति, सास-ससुर की प्रताड़ना से तंग आकर ही नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है और पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि शिव कॉलोनी, घुरैया मार्केट निवासी 21 वर्षीय किरन लोधी पत्नी पुष्पेन्द्र लोधी ने बीती 10 मार्च को अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि तीन साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति पुष्पेन्द्र, सास पपीता, ससुर कलवंत और देवर गोलू उर्फ प्रशांत उसे मायके से दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते हुए मारपीट करते तथा यातनाएं देते थे। जिससे परेशान होकर किरन ने फांसी लगाकर जान दी थी। पुलिस ने जांच के बाद पति सहित अन्य ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों

नकली दवा बेच रहा मेडिकल स्टोर संचालक पकड़ा

पुलिस ने कॉपी राइट एक्ट के तहत किया मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08अप्रैल। नकली दवा बेच रहे एक मेडिकल स्टोर संचालक को थाटीपुर थाना पुलिस ने कंपनी के कर्मचारियों की मदद से मंगलवार को मयूर मार्केट से पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

अब पुलिस पकड़े गए मेडिकल स्टोर संचालक से पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह नकली दवाएं कहां से लाता है।

थाटीपुर थाना प्रभारी विपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी के सौरभ कुमार पाण्डेय व जुलफेकार अली अपनी टीम के साथ आए और बताया कि थाना क्षेत्र के मयूर मार्केट स्थित श्रीराम मेडिकल स्टोर पर कंपनी के नाम पर नकली दवाएं बेची जा रही हैं।

सूचना मिलते ही एसआई कमल किशोर पाराशर, प्रधान आरक्षक शिरोमणी सिंह के साथ श्रीराम मेडिकल स्टोर पहुंचे और वहां पर कंपनी अल्ट्रासिट टेबलेट खरीदी और उन्हें चेक किया तो पता चला कि दवा नकली है। इसका पता चलते ही पुलिस ने मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे रामवीर राठौर पुत्र प्रहलाद राठौर निवासी गोहद जिला भिंड हाल निवासी सुरेश नगर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

चेक होंगी तो मिल सकती हैं और नकली दवाएं

कंपनी कर्मचारियों व पुलिस का कहना है कि मेडिकल स्टोर में अन्य नकली दवाएं हो सकती है, इनकी जांच की जा जाएगी, जिसके बाद नकली दवाओं की संख्या बढ़ सकती है।

इनका कहना है...

कंपनी कर्मचारियों की शिकायत पर एक मेडिकल स्टोर पर जॉनसन एंड जॉनसन की नकली दवा पकड़ी है। मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अतुल सोनी, सीएसपी मुरार

ई रिक्शा पलटने से बुजुर्ग की मौत

ग्वालियर। तेज रफ्तार आ रहा ई रिक्शा चालक अपने वाहन को रॉन्ग साइड चलाते लाया और पलट दिया। हादसा इंदरगंज थाना क्षेत्र के छप्परवाला पुल का है। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग व उनकी पत्नी को उपचार के लिए पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत स्थिर बनी हुई है। बुजुर्ग की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



कलेक्टर ने किया लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08 अप्रैल। कलेक्टर रूचिका चौहान ने बुधवार की दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित लोक लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए हैं कि

शासन की लोक हितकारी योजनाओं को अंकित करने के दिए निर्देश

लोक सेवा केंद्र में शासन की सभी लोक हितकारी योजनाओं को अंकित किया जाए, जिससे यहां पर आने वाले लोग इसका लाभ ले सकें। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा केंद्र का कलेक्टर रूचिका चौहान ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

जिससे यहां पर आने वाले लोगों को परेशानी नहीं हो। उन्होंने लोक सेवा केंद्र प्रभारी से पूछा कि यहां पर आने वाले लोगों को कैसे पता चलता है कि किस खिड़की पर कौन से दस्तावेज जमा होने हैं। लोक सेवा केंद्र प्रभारी ने कहा कि कोई पूछता है तो हम उसे बता देते हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक खिड़की पर नंबर एवं जमा होने वाले दस्तावेजों की जानकारी अंकित करें, जिससे लोगों को भटकना नहीं पड़े। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा केंद्र में आने वाले लोगों को बैठने के लिए जगह एवं कुर्सियां आदि की व्यवस्था की जाए। गर्मियों का मौसम आ चुका है, ऐसे में लोक सेवा केंद्र में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े।

त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में दिखा शौर्य

विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने लव जिहाद के खिलाफ भरी हुंकार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,08अप्रैल। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से छत्री मैदान में विराट त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम एवं शौर्य पद संचालन निकाला गया। इस मौके पर गौरक्षा एवं लव जिहाद से हिंदू युवतियों को बचाने का संकल्प लिया गया। करीब 2 हजार युवाओं ने हाथों में त्रिशूल लेकर शौर्य का प्रदर्शन किया। शहर के प्रमुख मार्गों से पथ संचालन निकाला गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के 60 खंडों से युवा कार्यकर्ता आए थे। समारोह में गौशाला के ऋषभदेव आनंद महाराज संघ के वरिष्ठ प्रचारक जितेन्द्र सिंह पंवार, विभाग संयोजक रविराज लुड़ेले, विश्ववर्धन भट्ट, क्षेत्रीय संयोजक, बजरंग दल, पप्पू वर्मा प्रांत उपाध्यक्ष, नवल भदौरिया प्रांत मंत्री, अवदेश तिवारी प्रांत संयोजक, बजरंग दल, संदीप मित्तल, जिला अध्यक्ष, अभय सिंह जादौन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इन मार्गों से गुजरा पथ संचलन छत्री मैदान, जनकगंज थाना, हनुमान चौराहा, जनकगंज रोड, मोर बाजार, महाराज बाड़ा, गोरखी, गांधी मार्केट, आनंद पैलेस से होते हुए वापस छत्री मैदान पहुंची।

हत्या के प्रयास का आरोपी पकड़ा

ग्वालियर। गोसपुरा इलाके मे गोली चलाकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले बदमाश को ग्वालियर थाना पुलिस ने पकड़ लिया है। टीआई ग्वालियर प्रशांत शर्मा ने बताया कि गोसपुरा नंबर एक निवासी आयुष खटीक 29 मार्च की शाम को अपने घर के बाहर बैठा था तभी राहुल राजपूत, भानू तोमर, प्रशांत तोमर, चुन्नु रजक व दो तीन अन्य लोग मोटर साइकिलों व एक्टिवा से आये। सुबह सूचना मिली थी कि वारदात में शामिल तीसरा आरोपी इलाके में देखा गया है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम उसकी तलाश में पहुंची और उसे दबोच लिया। पुलिस अब इस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।